हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 6 जुलाई 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 125 वां स्मरण दिवस मनाया



## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** खाट पर सो रहे ग्रामीण को जहरीले सांप ने डस लिया। परिजन ग्रामीण को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। ग्राम विशुनपुर निवासी धर्मजीत आ. सुकुल (53 वर्ष) शुक्रवार की रात घर में खाट पर सो रहा था। इसी दौरान देर रात लगभग 1.30 बजे पैर में करैत सांप ने काट लिया। सांप के काट लेने पर धर्मजीत ने परिजन को आवाज देकर बुलाया। परिजन मौके पर पहुंच सांप को देख उसे पहले मारा फिर तत्काल श्रीनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सूरजपुर जिला अस्पताल भेज दिया। जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान गत दिन ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### पिकनिक मनाने गए युवक की बाइक ले उड़े चोर

**अम्बिकापुर।** भाथूपारा निवासी जय प्रकाश केरकेट्टा आ. धनेश्वर प्रसाद 23 जून को भाई सावन केरकेट्टा के साथ ग्राम लिब्रा घुनघुट्टा पिकनिक मनाने बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएम 4117 से गए थे। बाइक को घुनघुट्टा पुलिया के समीप खड़ा कर पिकनिक मनाने चले गए। शाम को घर जाने के लिए बाइक लेने पहुंचे तो दिखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। गांव सहित आसपास क्षेत्र में बाइक की काफी खोजबीन की लेकिन बाइक का कहीं पता नहीं चला। गत दिन युवक ने बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दरिमा थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

### अवैध रूप से संचालित खदान से गये थे बोल्डर निकालने

# सूरजपुर जिले के लाची में पत्थर खदान धंसने से दबकर दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूरजपुर जिले में अवैध रूप से संचालित खदान में मिट्टी मलबा और बड़ा चट्टान गिरने से दो युवकों की दबकर मौत हो गई। ग्रामीण खदान से गिट्टी के लिए पत्थर निकालने गए हुए थे। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व प्रशासनिक टीम ने ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद दबे हुए युवकों को बाहर निकाल लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। फिलहाल मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। वहीं अवैध रूप से खदान के संचालन को लेकर सवाल उठाए जा रहे है।

**खास बात**
- कघंटों मशक्कत के बाद बरामद किया गया शव

बताया जा रहा है कि सूरजपुर कोतवाली थाना अंतर्गत स्थित ग्राम लाची में अवैध रूप से पत्थर खदान संचालित है। इस खदान से प्रतिदिन ग्रामीण बड़े बड़े बोल्डर पत्थर निकालकर गिट्टी बेचने का काम करते है। रविवार की सुबह 11 बजे लाची गांव के दो युवक 20 वर्षीय जमुना प्रसाद आ. धनेश्वर प्रसाद व 20 वर्षीय जयपाल आ. जयसिंह गोंड भी खदान से पत्थर निकालने के लिए गए हुए थे। इस दौरान दोपहर लगभग 12 बजे अचानक ही खदान के अंदर एक बड़ा चट्टान और मिट्टी का मलबा भरभराकर गिर गया। खदान धंसकने से अंदर पत्थर निकाल रहे दोनों युवक मलबे में ही दब गए। चट्टान गिरने की आवाज काफी तेज थी। इस दौरान पड़ोस में मौजूद ग्रामीणों ने अपने घर से आवाज सुनी तो वे भागकर खदान के मुहाने पर पहुंचे। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद दबे हुए युवकों को बाहर निकाला लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। इसके साथ ही इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है।




खदान की मिट्टी के नीचे दबे मृत युवक।

#### अवैध रूप से हो रहा संचालन

जिस पत्थर खदान के धंसने से दो युवकों की मौत हुई वह पूर्ण रूप से अवैध है। इस खदान से प्रतिदिन बेतरतीब व असुरक्षित तरीके से बोल्डर निकालने का काम किया जाता है लेकिन इसकी जानकारी किसी को नहीं है। वर्तमान में बारिश के बाद यह खदान खतरनाक हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि उन्होंने दोनों युवकों को खदान के अंदर जाने से मना किया था लेकिन वे नहीं माने। ऐसे में इस अवैध रूप से संचालित खदान को लेकर सवाल खड़े हो गये है।

#### की जाएगी जांच

सुबह लाची गांव में खदान से पत्थर निकालने के दौरान दो युवक दब गए थे। सूचना के बाद पहुंची टीम ने दोनों शवों को बरामद किया है। खनन के मामले में जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

-सूर्यकांत साय, तहसीलदार, सूरजपुर

## खबर प्रकाशन के बाद जागा लोनिवि, बाईपास सड़क पर हुआ पैच वर्क

**अंबिकापुर।** हरिभूमि की खबर के बाद लोक निर्माण विभाग नींद से जागा है। बलरामपुर जिले में लोनिवि ने निर्माण के तीन महीने के अंदर ही जर्जर हो चुकी सड़क के मरम्मत का कार्य कराया। ठेकेदार ने परफोर्मेंस गारंटी के आधार पर सडक पर सीमेंट कंक्रीट मिक्स कर पैच वर्क किया जबकि बारिश के बाद बिटुमिनस कांक्रीट का कार्य कराने की बात कही गई है।

- बारिश के बाद होगा बिटुमिनस क्रांकिट मरम्मत

बता दें कि बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर में अम्बिकापुर-बनारस मार्ग के लिए बनाई गई बाईपास सड़क के तीन महीने में ही जर्जर होने और उखड़ने की बात सामने आई थी। निर्माण के बाद पहली बारिश में ही सड़क धंसने लगी और सडक उखड़ने के साथ गड्ढे होने लगे थे। हरिभूमि द्वारा करोडो की लागत से बनी सड़क के तीन महीने भी नहीं टिक पाने को लेकर 3 जुलाई के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। हैरानी की बात तो यह है कि जर्जर सडक को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कुछ बताने को तैयार नहीं थे। खबर प्रकाशन और कलेक्टर बलरामपुर की नाराजगी के बाद लोनिवि द्वारा सड़क के मरम्मत का कार्य कराया गया। अब लोक निर्माण विभाग का कहना है कि 5.70 किलोमीटर लम्बी बाईपास सड़क के निर्माण हेतु कार्य आदेश 24 सितंबर 2018 को जारी किया गया था और सड़क के निर्माण का कार्य 18 महीने में पूर्ण करना था। विभाग का दावा है कि फारेस्ट क्लियरेंस व मुआवजा प्रकरण के कारण कार्य में देरी हुई। कार्य पूर्णता के तीन महीने बाद क्षतिग्रस्त हुई सड़क के मरम्मत का कार्य ठेकेदार द्वारा परफॉर्मेंस गारंटी के तहत किया गया है। वर्तमान में बारिश होने एवं बिटुमिन की अनुपलब्धता के कारण सिमेंट कांक्रीट मिक्स से पैच वर्क कराया गया है, जिससे कि आवागमन सुचारू रूप से संचालित रहा है। बारिश समाप्ति पश्चात सीमेंट कांक्रीट पेच के ऊपर बिटुमिनस कांक्रीट से अनुबंधक द्वारा मरम्मत कार्य कराया जाएगा।




## प्रतापपुर को जाम से मिलेगा छुटकारा, 30 करोड़ की रिंग रोड का अंतिम सर्वे पूरा



**प्रतापपुर।** नगर पंचायत के लिए बहुप्रतीक्षित रिंग रोड परियोजना अब अंतिम चरण में पहुंचती दिखाई दे रही है। लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस परियोजना का अंतिम सर्वे कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अब शासन से स्वीकृति और टेंडर प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार इस रिंग रोड की मांग क्षेत्रीय विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते लगातार विधानसभा और मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया हैं। उनके लगातार प्रयासों के बाद छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर परियोजना का अंतिम सर्वे कराया गया है। प्रस्तावित रिंग रोड गोटगांव पंचायत भवन से खोरमा पुलिया, अटल चौक, आरटीआई चौक होते हुए नए बस स्टैंड तक लगभग 8 किलोमीटर लंबी होगी। इसके निर्माण से भारी वाहनों को नगर के भीतर से नहीं गुजरना पड़ेगा, जिससे जाम, सड़क दुर्घटनाओं और लोगों की परेशानी में बड़ी कमी आने की उम्मीद है। प्रतापपुर नगर पंचायत में बढ़ती आबादी और लगातार बढ़ते यातायात को देखते हुए यह परियोजना लंबे समय से स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों की प्रमुख मांग रही है। अंतिम सर्वे पूरा होने के बाद अब शासन से मंजूरी मिलने और जल्द ही टेंडर जारी होने की संभावना जताई जा रही है। रिंग रोड परियोजना को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते के प्रयासों से वर्षों पुरानी मांग अब साकार होने की दिशा में बढ़ रही है। लोगों का मानना है कि यह परियोजना प्रतापपुर के विकास के साथ-साथ नागरिकों की सुरक्षा और सुगम यातायात के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

#### बजट में किया गया है शामिल

शासन से मंजूरी एवं बजट में शामिल कर लिया गया है इसके बाद अंतिम सर्वे का कार्य चल रहा है।कुछ ही दिनों में बजट में शामिल होकर प्रतापपुर सहित लोगों को रिंग रोड का सौगात मिलेगा। व्यापारी सहित आम जनता के मांग सहित नगर वासियों के लिए बड़ी सौगात होगी। साथ ही कई प्रकार के दुर्घटना से मुक्ति मिलेगी। सरकार में विकास कार्य के लिए पैसे की कमी नहीं है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से जो मांगा है तो उन्होंने प्रतापपुर के लिए कार्य की स्वीकृति दी है।

-शकुंतला सिंह पोर्ते, विधायक प्रतापपुर



## खबर संक्षेप

### ट्रेलर की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत बिर्रा के शिवरीनारायण-केरा रोड में शनिवार की रात करीब साढ़े आठ बजे तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना स्थल पर चक्काजाम कर दिया। इस संबंध में मिली जानकारी के नुसार ग्राम बिर्रा निवासी 55 वर्षीय छत्तू पटेल शनिवार 4 जुलाई की रात शिवरीनारायण की ओर से बाइक में आ रहा था। इसी दौरान करीब साढे आठ बजे बिर्रा के नामदेव जनरल स्टोर के सामने ट्रेलर वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मारते हुए घसीट कर पूरी तरह कुचल दिया। हादसे में छत्तू पटेल की मौके पर ही मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने बस स्टैंड चौक बिर्रा के चौराहा में चक्काजाम कर दिया। इससे रायगढ़-बिलासपुर और सारंगढ़ से चांपा कोरबा मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। समाचार लिखे जाने तक चक्काजाम जारी रहा।

### 1013 बोरी उर्वरकों के विक्रय पर प्रतिबंध लगाते हुए किया सील

**जांजगीर-चांपा।** कृषि विभाग ने शनिवार को मेसर्स राजेश खाद भण्डार नैला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में कई अनियमितताएं सामने आईं। अनियमितता पाए जाने पर कृषि विभाग ने मामले में कार्रवाई की है। उर्वरक भंडार के गोदाम में उपलब्ध 1013 बोरी उर्वरकों के विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाते हुए सील कर दिया।

### कैम्पस प्लेसमेंट में 21 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**राहौद।** सीताराम कश्यप कॉलेज ऑफ फार्मेसी, राहौद में 2 जुलाई को मैक्लियोड्स फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड द्वारा एक सफल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ-साथ विभिन्न संस्थानों से आए आईटीआई, बी.एससी., एम.एससी., डी.फार्म. एवं बी.फार्म. अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अभ्यर्थियों का पंजीयन, लिखित/स्क्रीनिंग प्रक्रिया, तकनीकी एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार (एचआर इंटरव्यू) आयोजित किए गए। मैक्लियोड्स फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के अनुभवी चयन पैनल ने अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी ज्ञान, व्यक्तित्व एवं संप्रेषण कौशल का मूल्यांकन किया। सभी चरणों के समापन के उपरांत चयन समिति द्वारा विभिन्न शैक्षणिक धाराओं से कई प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों का चयन मैक्लियोड्स फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड में रोजगार हेतु किया गया। चयनित विद्यार्थियों में आईटीआई, बी.एससी., एम.एससी., डी.फार्म. एवं बी.फार्म. के अभ्यर्थी शामिल हैं। चयन प्रक्रिया के उपरांत कंपनी द्वारा कुल 21 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनमोहन सिंह जांगड़े ने मैक्लियोड्स फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के चयन पैनल का महाविद्यालय आगमन एवं विद्यार्थियों को उत्कृष्ट रोजगार अवसर प्रदान करने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि संस्थान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास एवं रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### एसपी सहित पूरी पुलिस टीम का सम्मान

**सक्ती ।** जिले में लगातार बड़ी आपराधिक घटनाओं का सफल खुलासा कर अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाने वाली सक्ती पुलिस के उत्कृष्ट कार्यों के सम्मान में नगर के प्रथम नागरिक एवं नगर पालिका परिषद सक्ती के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने जिलेवासियों की ओर से पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर सहित पूरी पुलिस टीम का शाल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया। सम्मान समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर के नेतृत्व में सक्ती पुलिस ने कम समय में कई चुनौतीपूर्ण मामलों का पर्दाफाश कर जिले में कानून व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत किया है।

### छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ

# डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 125 वां स्मरण दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिला मुख्यालय स्थित सांस्कृतिक भवन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125 वां स्मरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं पुष्पांजलि अर्पित किया कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर संभागीय प्रभारी अवधेश चंदेल, जिला संगठन प्रभारी ललन प्रताप सिंह, विधायक भईयालाल राजवाड़े, एमसीबी जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल अग्रवाल, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केबी जायसवाल, केन्द्रीय सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष जगदीश साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, बसंत राय, राजेश सिंह, अनिल साहू, रविशंकर राजवाड़े, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, उपाध्यक्ष जगदीश साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष आशादेवी सोनपाकर, जिला पंचायत सदस्य शिवकुमारी सोनपाकर, गीता राजवाड़े, जनपद उपाध्यक्ष प्यारे साहू, पूर्व नपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर




संभागीय संगठन प्रभारी अवधेश चंदले ने कहा कि जनसंघ से भाजपा तक का सफर वर्ष 1953 में डॉ. मुखर्जी के सर्वोच्च बलिदान के बाद, जनसंघ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी और एलके आडवाणी जैसे महान नेताओं के संरक्षण में निरंतर आगे बढ़ता रहा। वर्ष 1977 में, देश से आपातकाल को समाप्त करने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनसंघ का जनता पार्टी गठबंधन में विलय हो गया। इसके बाद, वर्ष 1980 में, भारतीय जनता पार्टी का जन्म जनसंघ के प्रत्यक्ष उत्तराधिकारी के रूप में हुआ, जो उसी राष्ट्रवादी विचारधारा को आगे बढ़ा रही है, जिसे डॉ. मुखर्जी ने सींचा था। उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांत एक राष्ट, एक संविधान, स्वदेशी, सांस्कृतिक राष्टवाद और एकात्म मानववाद आज भी भाजपा के जीवंत मूल्य बने हुए हैं। जनसंघ की स्थापना केवल एक राजनीतिक घटना नहीं थी, बल्कि भारतीय लोकतंत्र में एक सैद्धांतिक राष्ट्रवादी विपक्ष का बीजारोपण था। उसी बीज से आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन भाजपा वटवृक्ष बनकर खड़ा है। उन्होंने कहा कि, हम सब सौभाग्यशाली हैं कि वर्ष 2026 में उनके 125 वें जयंती वर्ष के अवसर पर हम एक ऐसे नए भारत में सांस ले रहे हैं जहां उनके बुनियादी और मुख्य सपने साकार हो चुके हैं। अनुच्छेद 370 इतिहास बन चुका है। जम्मू-कश्मीर पूरी तरह से भारत का अभिन्न अंग बन चुका है। भारतीय भाषाएं अपना खोया गौरव वापस पा रही हैं। भारत पूरी दृढ़ता से आत्मनिर्भर बन रहा है। और वह दमनकारी परमिट व्यवस्था जिसने उनकी जान ली थी, उसका अब नामोनिशान नहीं है। जिला संगठन प्रभारी ललन प्रताप सिंह ने कहा कि डॉ. मुखर्जी को राष्ट निर्माण, सांस्कृतिक राष्टवाद और भारत की अखंडता के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है। जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए उनके योगदान को देश कभी नहीं भूल सकता। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला मंत्री शारदा गुप्ता, जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी राकेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, रामलखन यादव, मनेजर राजवाड़े, संजय चिकनजूरी, राजाराम राजवाड़े, दीपा विश्वकर्मा, महामंत्री रवि त्रिपाठी, सचिन मलिक, सुशीला साहू, सच्चिदानंद द्विवेदी, बालकृष्ण देवांगन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीता यादव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सतेन्द्र राजवाड़े, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवचरण साहू, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष विमलचंद चेरवा, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलराज रवि, मनोज साहू, साक्षी सिंह, पुष्पलता राजवाड़े, अहिल्या राजवाड़े, कमलेश एक्का, लहरे सोनवानी, विक्की सारथी, रमेश जायसवाल, प्रेमप्रकाश पाण्डेय, जय चक्रधारी, सुखदेव राजवाड़े, मयंक राठौर, सुभाष साहू, भुवन साहू, अनिता गुप्ता, सुमनकांत तिवारी, रोशन राजवाड़े, अभिजीत दुबे सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार आज भी राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा



**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत के महान राष्टवादी चिंतक एवं जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती के अवसर पर रविवार को हसदेव मंडल स्थित सांस्कृतिक भवन में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, मोर्चा-प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती शताब्दी पाण्डेय मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवल के साथ हुआ। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने उनके राष्टहित में दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य वक्ता श्रीमती पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का उनका संकल्प आज भी प्रत्येक राष्टभक्त के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्षों पुराना सपना पूरा हुआ और जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर डॉ. मुखर्जी के सपनों को साकार किया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे डॉ. मुखर्जी के राष्टवादी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लें और संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करें। जिलाध्यक्ष श्रीमती पावले ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्टसेवा का संगठन है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की निष्ठा और समर्पण ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों पर चलते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों में पूरी ऊर्जा के साथ जुटने का आह्वान भी किया। पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट प्रथम की भावना का प्रतीक रहा। उन्होंने कहा कि आज भाजपा जिस विशाल स्वरूप में देशभर में कार्य कर रही है।

# हवा-तूफान और गरज के साथ हुई तेज बारिश

हरिभूमि न्यूज. सोनहत

मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार की दोपहर बाद तेज हवा, तूफान और गरज-चमक के साथ करीब आधे घंटे तक जोरदार बारिश हुई। अचानक बदले मौसम से जहां जनजीवन कुछ समय के लिए प्रभावित रहा, वहीं लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरे खिल उठे।

सुबह से तेज गर्मी और उमस के कारण आमजन परेशान थे। दोपहर बाद मौसम ने करवट ली और तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश ने गर्मी से राहत दिलाई। तेज हवा और गरज-चमक के कारण बारिश का असर अधिक देखने को मिला। किसानों का कहना है कि बारिश की अवधि भले ही कम रही, लेकिन इसकी तीव्रता अच्छी थी, जिससे खेतों में नमी बढ़ी है और कृषि कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। किसानों ने



इसे खरीफ सीजन की तैयारियों के लिए राहत भरी बारिश बताया है। हालांकि वे अब भी अच्छी और लगातार बारिश का इंतजार कर रहे हैं, ताकि बोनी का कार्य पूरी रफ्तार से शुरू किया जा सके।

# पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

जिले के प्रतिष्ठित विद्यालय एकेडेमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों विद्यालय के संचालक के द्वारा विद्या मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। वहीं विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

समारोह में शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक तथा सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित




किया गया। मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुरस्कार केवल उपलब्धि का प्रतीक नहीं, बल्कि निरंतर परिश्रम और उत्कृष्टता की प्रेरणा भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, मेहनत एवं सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया। विद्यालय के संचालकों ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी की वरिष्ठ शिक्षिका सुश्री काजल रजक ने किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में काफी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक उपस्थित रहे। विद्यालय के संचालकों ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## पत्नी को बुलेट से कई बार कुचलने की कोशिश, आरोपी पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जूटमिल थाना क्षेत्र में पत्नी की हत्या के प्रयास का सनसनीखेज मामला सामने आया है। चरित्र शंका को लेकर हुए विवाद के बाद एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को बुलेट मोटरसाइकिल से कई बार कुचलकर मारने की कोशिश की। गंभीर रूप से घायल महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार कोड़ातराई निवासी गणेशी साहू 32 ने 3 जुलाई को जूटमिल थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वर्ष 2014 में उसने अमित साहू से प्रेम विवाह किया था। दोनों के दो बच्चे हैं। विवाह के बाद से पति शराब के नशे में आए दिन विवाद और मारपीट करता था, जिससे परेशान होकर वह बच्चों को सास के पास छोड़ अलग किराए के मकान में रहने लगी थी। 30 जून को उसके जन्मदिन के अवसर पर आरोपी पति ने सुधरने का भरोसा देते हुए उसे वापस साथ रहने के लिए मना लिया। इसके बाद 3 जुलाई की रात आरोपी उसे बुलेट मोटरसाइकिल से अपने घर कोड़ातराई ले गया। वहां चरित्र पर संदेह करते हुए गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। जान बचाने के लिए जब महिला घर से बाहर भागी तो आरोपी ने बुलेट मोटरसाइकिल से उसे टक्कर मारकर गिरा दिया और फिर हत्या की नीयत से कई बार मोटरसाइकिल उसके शरीर के ऊपर चढ़ाने का प्रयास किया। घटना में महिला के हाथ, गर्दन, सिर, चेहरे, जांघ और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। महिला की शिकायत पर जूटमिल पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी अमित साहू 36 को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# पंचायतों में बारिश के पहले कार्य को तत्काल पूरा कराएं

**बैकुंठपुर।** एक जुलाई से पूरे देश में विकसित भारत जीरामजी योजना लागू हो गई है। कलेक्टर कोरिया रोक्तिमा यादव ने श्रमिकों को ज्यादा कार्यदिवस के साथ भरपूर पारिश्रमिक देने वाली इस योजना का जमीनी क्रियान्वयन बेहतर तरीके से कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

- निरीक्षण के दौरान सीईओ ने श्रमिकों के साथ चलाया फावड़ा

इसी अनुक्रम में 4 जुलाई को जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने आधा दर्जन ग्राम पंचायतों में जाकर वीबीजीरामजी योजना के कार्यस्थलों का निरीक्षण किया और इस दौरान उन्होंने श्रमिकों को इस योजना के सभी लाभों से विस्तार से अवगत कराया। श्रमिकों को वीबीजीरामजी योजना के प्रति प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने जलसंवर्धन कार्य के दौरान फावड़ा चलाकर गोदी की माप में निर्धारित गहराई तक खुदाई करने का उदाहरण भी प्रस्तुत किया। इस दौरान जनपद पंचायत की टीम के साथ जिला




पंचायत के अधिकारी व मैदानी अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कोरिया जिले की ग्राम पंचायत कैलाशपुर में वीबीजीरामजी योजनांतर्गत चल रहे तालाब गहरीकरण कार्य के दौरान श्रमिकों के बीच एक अलग उत्साह का माहौल तैयार हो गया। जब यहां कार्यस्थल पर निरीक्षण करने पहुंचे जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने पहले कार्य के लिए जारी किए गए मस्टर रोल की जांच की और इसके बाद मिटटी खुदाई कर रहे श्रमिकों को गहराई की सही माप समझाने के लिए उन्होंने श्रमिकों के साथ फावड़ा थाम लिया।

## पैतृक मकान को लेकर भाइयों में विवाद कुल्हाड़ी से हमले में बड़ा भाई घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम चिमटापानी में पैतृक मकान को लेकर दो भाइयों के बीच लंबे समय से चल रहा विवाद हिंसक हो गया। इसी विवाद को लेकर छोटे भाई ने बड़े भाई पर टांगी से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी है।

इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए महेत राम राठिया ने पुलिस को बताया कि वह मजदूरी और खेती-किसानी का कार्य करता है तथा वह 3 भाइयों में सबसे बड़ा है। उसका छोटे भाई रूपधर राठिया अक्सर उसे घर से बाहर निकलने की धमकी देता था और इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चलता रहा है। बीते 22 जून की शाम करीब 5 बजे वह अपने पिता गाडा राय राठिया और छोटे भाई रूपधर राठिया से यह पूछ रहा था कि वे उससे नाराज क्यों रहते हैं और उसे घर छोड़ने के लिए क्यों कहते हैं। इसी दौरान रूपधर राठिया उससे गाली-गलौज करने लगा और हाथ में रखी कुल्हाड़ी से उस पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में महेत राम राठिया के सिर के दाहिने हिस्से, सिर के पीछे तथा बाईं आंख के पास चोटें आईं। मारपीट के दौरान आरोपी ने उसे जान से मारने तक की धमकी भी दी।


घटना के दौरान गाडा राय राठिया, नवीन राठिया, फुलसिंह राठिया, श्याम सुंदर राठिया तथा पीड़ित के पुत्र प्रमोद राठिया ने बीच-बचाव किया। ग्रामीणों की सूचना पर डायल-112 मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए घरघोड़ा अस्पताल ले जाया गया। वहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। जहां उसका इलाज चला। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद पीड़ित 4 जुलाई को अपने परिजनों के साथ घरघोड़ा थाना पहुंचा और रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# जवाबदेह व जनहित आधारित पुलिसिंग को प्राथमिकता दें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग के पुलिस महानिदेशक अरूणदेव गौतम रविवार को एमसीबी और कोरिया जिले के प्रवास पर रहे।

इस दौरान उन्होंने दोनों जिले के पुलिसिंग व्यवस्था की बैठक लेकर अधिकारियों को संवेदनशील, जवाबदेह और जनहित आधारित पुलिसिंग को प्राथमिकता देने के विशेष निर्देश दिए। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के पुलिस लाइन स्थित कांफ्रेस हॉल में आयोजित समीक्षा बैठक में डीजीपी अरुणदेव गौतम ने जिले की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान सरगुजा रेंज के आईजी दीपक झा,





कोरिया एसपी रवि कुमार कुर्रे, एडिशनल एसपी सुरेशा चौबे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। डीजीपी श्री गौतम ने अधिकारियों से कहा कि पुलिस का दायित्व केवल अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि आम जनता का विश्वास जीतना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। बेहतर पुलिसिंग के लिए पुलिस और आमजन के बीच मजबूत समन्वय आवश्यक है। हाल ही में चर्चित नौगई तिहरे हत्याकांड पर डीजीपी ने कहा कि कोरिया जैसे शांत जिले में इस प्रकार की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने स्वयं इस मामले की विवेचना की समीक्षा की। हालांकि राज्य सरकार अब इस प्रकरण को सीबीआई जांच के लिए अनुशंसा कर चुकी है। उन्होंने कहा कि कोरिया हमेशा से शांत प्रिय जिला रहा है और इसकी सामाजिक सौहार्दपूर्ण पहचान बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। आम नागरिकों से शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय सहयोग की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस हर समय हर स्थान पर मौजूद नहीं रह सकती, इसलिए समाज की जागरूकता और सहभागिता ही स्थायी शांति सुनिश्चित कर सकती है।

### ट्रैफिक मैन महेश के कार्यों की सराहना

पुलिस महानिदेशक अरूणदेव गौतम के कोरिया दौरे के दौरान सड़क सुरक्षा और यातायात जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले ट्रैफिक मैन डॉ. महेश मिश्रा के कार्यों की विशेष सराहना की गई। डीजीपी ने महेश द्वारा आम लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने, सड़क सुरक्षा के प्रति जनचेतना फैलाने तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर डीजीपी श्री गौतम ने महेश का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में भी इसी समर्पण और लगन के साथ सड़क सुरक्षा अभियान से जुड़े रहने की शुभकामनाएं दीं। विदित हो कि, कोविड काल के दौरान जनहित के सराहनीय कार्यों के लिए तत्कालीन डीजीपी डीएम अवस्थी ने भी टैफिक मैन महेश मिश्रा को मोबाइल पर कॉल कर उन्हें बधाई और अपनी शुभकामनाएं दी थीं।

### विद्युत लाइन खराब सुधारने जुटे विद्युत कर्मी



**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में दो-तीन दिनों तक विद्युत गोल होने की समस्या पर विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिगड़ी व्यवस्था को सुधारने में जुट गए हैं और कुछ जगहों पर नया ट्रांसफार्मर भी लगाया गया। इसके बाद अब सभी प्रभावित ग्रामों की बिजली बहाल हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम आनी, कंचनपुर, आमपारा सहित कई ग्रामों में विद्युत खराबी के कारण दो-तीन दिनों से प्रभावित क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहा। छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित बैकुंठपुर के अधिकारियों ने बताया कि विभाग में कार्यरत संविदा कर्मी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं।

## खबर संक्षेप



### जयनगर थाना में पुलिस स्टाफ ने परिसर में किया पौधरोपण

**बिश्रामपुर।** राष्ट्र की एकता और अखंडता के शिल्पकार लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिलेभर में चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान के तहत रविवार को जयनगर थाना परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। जिला स्तरीय पौधरोपण कार्यक्रम अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जयनगर थाना परिसर में पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने पौधे लगाकर हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि लोगों में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षों के महत्व और स्वच्छ एवं हरित वातावरण के प्रति जागरूकता फैलाना भी रहा।पुलिस कर्मियों ने पौधों की नियमित देखभाल और उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया, ताकि आने वाले वर्षों में ये पौधे विशाल वृक्ष बनकर पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर जयनगर थाना प्रभारी टीआई नरेंद्र मिश्रा ने कहा कि वृक्ष पृथ्वी का अमूल्य धन हैं। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण कर उसकी देखभाल करनी चाहिए।

### प्रवेश उत्सव में बच्चों को दिया गया निःशुल्क गणवेश व पुस्तकें



**रामचन्द्रपुर।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बिशुनपुर में गुरूवार को पालकों की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। उत्सव में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा सभी को मिष्ठान खिलाया गया। कार्यक्रम मं पालक सेठा सिंह ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने एवं बच्चों को घर में भी पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। अन्य पालकों ने भ्झी बच्चों से नियमित स्कूल आने एवं शिक्षकों के निर्देशन में पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानपाठक योगेन्द्र कुमार श्रीवास ने कहा कि बच्चों का भविष्य सुधारने में अभिभावकों की अहम भूमिका होती है। पालक बच्चों को उनके अनुकूल परिवेश उपलब्ध कराए साथ ही समय-समय पर मागदर्शन भी प्रदान करें। बच्चों के लिए खेलकूद भी आवश्यक है। घर की मजबूती के लिए अच्छी नींव जरूरी है इसी तरह अच्छे भविष्य के लिए प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षाओं की अच्छी तरह पढ़ाई करना जरूरी है। आप बच्चों से घर का भी काम करवाएं लेकिन हमेशा ध्यान रखें कि उसकी पढ़ाई प्रभावित न हो। अन्य शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में अतिथियों ने सभी बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें एवं दो-दो सेट गणवेश प्रदान किया। इस दौरान सरवल सिंह, सुरेश सिंह, श्रीमती कलावती विश्वकर्मा, व्यासमुनि सिंह, शिक्षक फूलचंद यादव, धर्मेन्द्र सिंह मरकाम, प्रधानपाठक कृष्ण कुमार, श्रीमती कौशल्या सिंह, सुकदेव कुमार सागर आदि उपस्थित थे।

### वन कर्मचारी संघ की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

**अम्बिकापुर।** वन कर्मचारी संघ की बैठक रविवार को हुई। बैठक में संगठन के सभी ब्लॉक अध्यक्ष उपस्थित हुए तथा संगठन के पदाधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराया। जिलाध्यक्ष राजेश बराड़े एवं सचिव राजेश खेस ने बैठक में ही समस्याओं का निराकरण किया तथा वन मंडल स्तर की शिकायतों का निराकरण संबंधित अधिकारी से चर्चा उपरांत निराकृत कराने का आश्वासन दिया। उपस्थित वन कर्मियों ने विभाग द्वारा बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रारंभ करने एवं सेवानिवृत्ति उपरांत अधिकारियों की संविदा नियुक्ति करने का खुलकर विरोध किया। सरगुजा वन मंडल में बायोमेट्रिक उपस्थिति लागू करने का निर्णय लेने पर संघ द्वारा इसका व्यापक विरोध करने का निर्णय लिया गया। अंत में सेवानिवृत्ति होने पर संजय गुप्ता को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

क्षेत्र के लोग लंबे समय से कर रहे नाली निर्माण की मांग

# बतौली पंचायत से बरपारा देवरी पहुंच मार्ग पर जलजमाव से ग्रामीण सहित राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

**खास बात**
- बारिश होते ही सड़क हो जाता है जलमग्न, वर्षों बाद भी नहीं किया गया नाली निर्माण

एनएच 43 बतौली से बरपारा देवरी पहुंच मार्ग में पानी का जमाव होने से क्षेत्र के लोगों के अलावा वाहन चालक सहित राहगीर परेशान है। हैरानी की बात तो यह है नाली निर्माण नहीं होने से बारिश होते ही सड़क पर ही पानी एकत्र हो जाती है जिससे लोगों को आवागमन करने में परेशानी होती ही है साथ ही हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। जनप्रतिनिधि सहित जिम्मेदार आला अधिकारियों की उदासीन रवैया का खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

बतौली पुराना बस स्टैंड से बरपारा देवरी पहुंच मार्ग की पानी जमाव की समस्या से आज तक क्षेत्र के लोगों सहित राहगीरों को मुक्ति नहीं मिल सकी। आलम यह है कि बारिश होते ही सड़क जलमग्न होता है। यह समस्या पूरे बरसात के तीन माह तक बना रहता है। हैरानी की बात यह है कि हर वर्ष बरसात के मौसम ऐसी स्थिति बनी रहती है लेकिन आज तक किसी ने समस्या से निजात दिलाने किसी प्रकार की पहल नहीं की। देवरी पहुंच मार्ग में पूरे बरसात भर नाली की कमी से पानी का जमाव सड़क पर बना रहता है। जबकि स्कूली बच्चों को भी पानी के जमाव के बीच पैदल स्कूल आते जाते है जिससे परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो मार्ग से गुजरने के दौरान तेज रफ्तार वाहन चलने से गंदा पानी के छिटकने से स्कूल आने जाने वाले बच्चों के ड्रेस गंदे हो जाते है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सड़क किनारे नाली निर्माण नहीं होने के कारण सड़क पर बारिश के पानी जमा होने की समस्या लंबे समय से हो रही है। अगर सड़क निर्माण के दौरान पानी निकासी के लिए नाली निर्माण करा दिया गया होता तो आज ऐसी स्थिति नहीं होती। सड़क पर पानी जमा होने के कारण पैदल चलने वाले लोगों का काफी परेशानी होती है। मार्ग से चार व दो पहिया गुजरने के दौरान पानी छिटकने से पैदल चल रहे लोगों के कपड़े गंदे हो जाते है। सड़क पर जमा गंदा पानी से बरसात में बीमारी फैलने का खतरा भी लोगों पर मंडराने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि नाली निर्माण की मांग की गई है परंतु आज तक किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया जिससे राहगीर समेत क्षेत्र के लोग गंदा पानी के बीच आवागमन करने को मजबूर है।



सड़क पर जमा पानी।

**एकांकी मार्ग में नाली का अभाव**

बरपारा पहुंच मार्ग से ही देवरी पंचायत पहुंचने वाला यह रिहायशी व एकांकी मार्ग है जिससे इस मार्ग में लोगों का आना जाना लगा रहता है। इसी मार्ग में होकर सरकारी शराब के दुकानों में भी आवाजाही लगी रहती है जिससे ग्रामीणों को सड़क में पानी भरे होने से कई तरह के दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। प्रधानमंत्री योजना अंतर्गत कई वर्ष पहले पक्की सड़क का निर्माण किया गया था लेकिन नाली निर्माण नहीं किया गया जिससे हर बरसात में सड़क पर जलजमाव होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**आए दिन होती हैं दुर्घटनाएं**

पुराना बस स्टैंड बतौली से देवरी पहुंच मार्ग का उपयोग आसपास के कई गांव के लोग करते है जिससे मार्ग से बड़ी संख्या में हर रोज चार पहिया लेकर दो पहिया वाहन सवार आवागमन करते है। ऐसे में सड़क पर पानी के जमा होने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है जबकि कई लोग दुर्घटना में घायल हो चुके है। इस प्रकार की घटनाएं आए दिन होती रहती है।

**सचिव को किया जाएगा निर्देशित**

बतौली से बरपारा देवरी पहुंच मार्ग पर बारिश होने पर जलजमाव की स्थिति निर्मित होती है तो जल निकासी की व्यवस्था की जाएगी। जल निकासी के लिए तत्काल संबंधित सचिव को निर्देशित किया जाएगा।
-लक्ष्मीनारायण सिदार, जनपद सीईओ



## नपा अध्यक्ष के साथ कलेक्टर ने किया राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

- निर्माण गुणवत्ता पर दिए सख्त निर्देश

कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी ने शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के साथ नगर सीमा से गुजर रहे निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग का पैदल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क निर्माण की गुणवत्ता, प्रगति और आमजन की सुविधाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बलरामपुर से रामानुजगंज तक निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने, आवश्यकतानुसार अतिरिक्त मैनपावर बढ़ाने तथा लंबित भूमि अधिग्रहण प्रकरणों का समन्वय के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रभावित हितग्राहियों को समय पर मुआवजा राशि का भुगतान सुनिश्चित करने को कहा। नगर सीमा में निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने स्थानीय नागरिकों की ओर से सड़क निर्माण से जुड़ी समस्याओं एवं आवागमन में हो रही परेशानियों से कलेक्टर को अवगत कराया। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य के साथ-साथ आमजन की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने निर्माणाधीन सड़क पर उड़ने वाली धूल की रोकथाम के लिए नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क का निर्माण स्वीकृत एलाइनमेंट के अनुरूप ही किया जाए तथा गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां बीटी वर्क पूर्ण हो चुका है, वहां बिना विलंब डामरीकरण का कार्य शुरू किया जाए। साथ ही निर्माणाधीन मार्ग पर बने गड्ढों को तत्काल भरकर यातायात को सुचारू रखने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अभिषेक गुप्ता, अनुविभागीय अधिकारी एनएच निखिल लकड़ा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि तथा संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने बतौली के दूरस्थ पहाड़ी कोरवा क्षेत्र गोविंदपुर मूर्ताडांड मे पहुंच किया औचक निरीक्षण

- अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश, बच्चों संग किया मध्यान भोजन

**सेदम।** कलेक्टर अजीत वसंत ने बतौली के दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्र गोविंदपुर मूर्ताडांड पहुंचकर विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालयों, पहाड़ी कोरवा आश्रम, गली प्लग स्टोन स्ट्रक्चर, पीएम जनमन सड़क, पीएम जनमन आवास सहित अन्य विकास कार्यों का अवलोकन किया तथा ग्रामीणों से सीधे संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, बतौली तहसीलदार अंकिता पटेल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वसंत ने विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केन्द्र में बच्चों की उपस्थिति, कुपोषित बच्चों की संख्या व बच्चों को दिए जा रहे पौष्टिक आहार की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें, आंगनबाड़ी सहायिका एवं कार्यकर्ता समय पर केंद्र में उपस्थित रहें। गोविंदपुर के आंगनबाड़ी केंद्र के औचक निरीक्षण में केवल एक बच्चा उपस्थित मिला, केंद्र संचालन में लापरवाही पाए जाने पर आंगनबाड़ी सुपरवाइजर को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने केंद्र में बच्चों की कम उपस्थिति के कारणों की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री वसंत ने गोविंदपुर में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला, मूर्ताडाड में माध्यमिक शाला, चुटियापहरी प्राथमिक शाला, तराईडाड प्राथमिक शाला में शिक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय परिसर, कक्षाओं सहित शैक्षणिक गतिविधियों एवं विद्यार्थियों को दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने एवं सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने शिक्षकों को निर्देशित किया। इस दौरान गोविंदपुर प्राथमिक शाला एवं चुटियापहरी प्राथमिक शाला में एकल शिक्षक होने पर अधिकारियों को तत्काल संज्ञान लेने के निर्देश देते हुए दोनों विद्यालयों में अतिरिक्त शिक्षक की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने तराईडाड प्राथमिक शाला में शिक्षकों की मांग पर किचन शेड एवं शौचालय हेतु डीएमएफ से स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने अधिकारियों को निर्देश दिए। मूर्ताडाड माध्यमिक शाला में कलेक्टर अजीत बसंत,जिला पंचायत सीईओ विनय अग्रवाल,तहसीलदार अंकिता पटेल ने बच्चों संग बैठकर मध्यान भोजन किया।

## हवा-तूफान और गरज के साथ हुई तेज बारिश

**सोनहत।** मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार की दोपहर बाद तेज हवा, तूफान और गरज-चमक के साथ करीब आधे घंटे तक जोरदार बारिश हुई। अचानक बदले मौसम से जहां जनजीवन कुछ समय के लिए प्रभावित रहा, वहीं लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरे खिल उठे। सुबह से तेज गर्मी और उमस के कारण आमजन परेशान थे। दोपहर बाद मौसम ने करवट ली और तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश ने गर्मी से राहत दिलाई। तेज हवा और गरज-चमक के कारण बारिश का असर अधिक देखने को मिला। किसानों का कहना है कि बारिश की अवधि भले ही कम रही, लेकिन इसकी तीव्रता अच्छी थी, जिससे खेतों में नमी बढ़ी है और कृषि कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। किसानों ने इसे खरीफ सीजन की तैयारियों के लिए राहत भरी बारिश बताया है। हालांकि वे अब भी अच्छी और लगातार बारिश का इंतजार कर रहे हैं, ताकि बोनी का कार्य पूरी रफ्तार से शुरू किया जा सके।



# भवन निर्माण के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज को मिली 14.08 करोड़ की स्वीकृति

- विभागों के लिए बनेगा अलग-अलग भवन

**अम्बिकापुर।** शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज को राज्य शासन द्वारा 14.0822 करोड़ के निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है।

स्वीकृत राशि से लोक निर्माण विभाग द्वारा निविदा के माध्यम से वर्तमान भवन की तर्ज पर दो नवीन शैक्षणिक भवनों का निर्माण कराया जाएगा। प्रथम भवन में सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग एवं माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग तथा दूसरे भवन में कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं एमबीए विभाग संचालित होंगे। हरेक विभाग के लिए आधुनिक प्रयोगशालाओं का भी निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 100-सीटर बालिका छात्रावास, महाविद्यालय की बाउंड्री वॉल, वाहन पार्किंग शेड तथा अन्य आवश्यक अधोसरंचनाओं का निर्माण भी इसी परियोजना अंतर्गत किया जाएगा। कॉलेज प्रबंधन ने निर्माण की शुरूआत बाउंड्री वॉल से कराने का निर्णय लिया है। वर्ष 2010 से लंबित महाविद्यालय की अधोसंरचनात्मक विकास योजना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। इस संबंध में सांसद चिंतामणि महाराज ने मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर इंजीनियरिंग कॉलेज के लंबित निर्माण कार्यों के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग की थी। उनके पत्र के 20 दिनों बाद ही इसकी स्वीकृति प्रदान की गई है। पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल भी इस संबंध में लगातार पहल कर रहे थे। भवनों के निर्माण होने से इंजीनियरिंग कॉलेज अधिक भव्य एवं सुव्यवस्थित होगा। बाउंड्री वॉल निर्माण से महाविद्यालय परिसर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए प्रशासनिक कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त होगा साथ ही संस्थान को छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के रूप में विकसित किए जाने की दिशा में भी भविष्य में सुदृढ़ आधार साबित होगा। इस संबंध में प्राचार्य डॉ.आरएन खरे ने बताया कि शासन द्वारा भवन सहित अन्य अधोसंरचनाओं के निर्माण के लिए शासन द्वारा राशि की स्वीकृति मिली है।

### बीमारी से परेशान युवक ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

**अम्बिकापुर।** फांसी लगाने से गंभीर हुए युवक की शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। पत्नी के मुताबिक पति सिकलीन बीमारी से पीड़ित था और बीमारी से परेशान होकर फांसी लगा लिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम बरगीडीह निवासी अमरजीत यादव आ. स्व. कुंदन यादव (23 वर्ष) 30 जून की सुबह लगभग 8.30 बजे घर में फांसी लगा लिया। युवक को फांसी लगाते देख पत्नी शोर मचाते हुए किसी तरह उसे फांसी से उतार परिजन के साथ बरगीडीह अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर मृतक की पत्नी अंजू यादव ने पुलिस को बताया कि पति अमरजीत शराब पीने का आदि था और पिछले चार साल से वह सिकलीन बीमारी से पीड़ित थो। पूर्व में भी बीमारी से तंग आकर दो बार फांसी लगाने का प्रयास कर चुका था। घटना के दिन जब वह घर के दरवाजे पर खड़ी थी तभी पति कुर्सी पर चढ़ म्यार में दुपट्टा के सहारे फांसी लगा रहा था जिसे देख पति को पकडी और घटना की जानकारी परिजन को दी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के प्रतिष्ठित विद्यालय एकेडेमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों विद्यालय के संचालक के द्वारा विद्या मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। वहीं विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।
समारोह में शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक तथा सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुरस्कार केवल उपलब्धि का प्रतीक नहीं, बल्कि निरंतर परिश्रम और उत्कृष्टता की प्रेरणा भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, मेहनत एवं सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग
सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिले के ऐसे प्रतिभावान छात्र जो 12वीं के बाद आर्थिक कारणों से BE, M-TECH, M.B.B.S. एवं M.D. प्रवेश लेने के बावजूद आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख पाते है। हम ऐसे छात्रों की प्रतिभा को निखारने की कोशिश करते हैं, आर्थिक मदद देकर जिससे वे अपने सपनों को पूरा कर लक्ष्य को प्राप्त कर सकें
कृपया ऐसे छात्र निम्न पते पर हमें संपर्क कर सकते है एवं ट्रस्ट की वेबसाईट www.sujanidevitrust.org पर भी online आवेदन कर सकते है
आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026
सुजानी देवी ट्रस्ट
अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा (छ.ग.)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
मुकेश गोयल, प्रतापपुर मो. 09425585471, 09165794999
अजीत अग्रवाल, महामाया कम्प्यूटर्स ब्रम्ह रोड, अम्बिकापुर मो. 9425254169
प्रदीप सिंघल :- 9425547550

TOP IN SURGUJA
GURUKRIPA COLLEGE ADMISSION GUIDENS 2026-27 SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :-12 जुलाई 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

सरगुजा मार्केट

डॉ. शिवानी अग्रवाल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण
टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग
नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श
बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे - 2:00 बजे शाम 5:00 बजे - 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

THE LOTUS CONSULTANCY
JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
·COLLEGES COUNSELLING
·DEEMED COLLEGE
·COUNSELLING
·STATE PVT./ GOVT. COLLEGES
·FORM FILLUP ASSISTANCE
·LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance
Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE ANU SHARMA 9109920477

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
CGHS से मान्यता प्राप्त
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल; सुरक्षित प्रसव सुविधा; बांझपन परामर्श एवं उपचार; पीसीओडी/पीसीओएस उपचार; महिला रोगों की जांच व इलाज; सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं; डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान!
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY) LAPAROSCOPIC SURGEON

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### बाल अधिकारों की सुरक्षा में पीजी डिप्लोमा कोर्स प्रारंभ

**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के विवि विभाग में चालू सत्र से बाल अधिकारों की सुरक्षा में पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। यह डिप्लोमा छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के तत्वावधान में में संचालित किया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम में प्रथम चरण का प्रवेश पूर्ण कर लिया गया तथा 30 में से 18 सीटों पर प्रवेश पूर्ण कर अध्यापन प्रारंभ कर दिया गया है। शेष सीटों के लिए विवि ने ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन मंगाया है।इस पाठ्यक्रम प्रवेश के लिए दूसरे चरण का प्रवेश परीक्षा 16 जुलाई को विवि यूटीडी के विवि विभाग में 11बजे से आयोजित की जाएगी। इसी दिन परीक्षा परिणाम एवं 16 जुलाई को मेरिट सूची जारी की जाएगी। इस पाठ्यक्रम में छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के माध्यम से बाल अधिकारों की सुरक्षा से संबंधित समस्त सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थाओं की कार्रवाइयों के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### बाहरी एवं संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन हो अनिवार्य भाजपा के प्रतिनिधियों ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन



**अम्बिकापुर।** भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर जिले में बाहरी एवं संदिग्ध व्यक्तियों के नियमित सत्यापन, सभी थानों में मुसाफिरी पंजी को अनिवार्य करने तथा अवैध एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि हाल ही में गैंग्स ऑफ वासेपुर हत्या का आरोपी और 2001 से फरार कुख्यात गैंगस्टर शब्बीर आलम लंबे समय से खरसिया नाका क्षेत्र में निवासरत पाया गया। उसे गिरफ्तार करने पहुंची झारखंड पुलिस की कार्रवाई के दौरान उसके फरार होने की घटना ने जिले की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। यह घटना इस बात का संकेत है कि बाहरी अपराधियों को स्थानीय स्तर पर संरक्षण एवं सहयोग मिल रहा है, जो कानून-व्यवस्था और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए अत्यंत चिंताजनक है। भाजपा ने जिले के सभी थानों में मुसाफिरी पंजी को अनिवार्य करने की मांग की है ताकि बाहर से आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का विवरण दर्ज किया जा सके साथ ही किराए के मकानों, लॉज, होटल, ढाबों एवं निजी प्रतिष्ठानों में रहने एवं कार्य करने वाले बाहरी व्यक्तियों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य किया जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में बस संचालन, गैरेज एवं परिवहन व्यवसाय से जुड़े संदिग्ध तत्वों पर विशेष निगरानी रखने, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने, अंतरराज्यीय सीमाओं पर स्थित चेक पोस्टों पर वाहनों की सघन जांच करने तथा अपराधियों को संरक्षण देने वाले स्थानीय नेटवर्क एवं सहयोगियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है। इस दौरान जिला महामंत्री विनोद हर्ष, जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला, निलेश सिंह, दिनेश शुक्ला, पीयूष त्रिपाठी, जन्मेजय पांडे, धनंजय मिश्रा, मनोज कंसारी व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शराब के नशे में कार चलाने पर दस हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर।** शराब के नशे में कार चलाना युवक को महंगा पड़ गया है। पुलिस की कार्रवाई के बाद न्यायालय ने कार चालक पर दस हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर यातायात नियमो के अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई चल रही है। इसी कड़ी में यातायात शाखा पुलिस टीम द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान कार क्रमांक सीजी 04 क्यूजे 9516 को चालक कोरबा बालको रजगा मार्ग निवासी 30 वर्षीय सोमेश कुमार मिश्रा आ. महेंद्र कुमार मिश्रा की जांच की तो वह शराब के नशे में पाया गया। ब्रेथ एनालाइजर से चेक करने पर शराब के नशे मे धुत्त होना पाया गया। ऐसे में पुलिस ने एमव्ही एक्ट की धारा 185 के तहत प्रकरण दर्ज कर मामला माननीय के समक्ष पेश किया था। न्यायालय ने कार चालक सोमेश कुमार मिश्रा पर 10 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है।

## फाल्ट आने पर सुचारू हो सकेगी आपूर्ति

# विद्युत कटौती एवं लो-वोल्टेज की समस्या से बचने तीन 33 केवी विद्युत उपकेन्द्रों की स्वीकृति


हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बातें**

- शासन ने दी 135 करोड़ की स्वीकृति
- कम होगी विद्युत लाइन की लम्बाई

जगह-जगह नए-नए विद्युत उपकेंद्र स्थापित करने के बावजूद अभी विद्युत आपूर्ति में आ रही बाधाओं से राहत नहीं मिल सकी है। गर्मी के मौसम में विद्युत की मांग बढ़ने पर उपकरणों में आए दिन खराबी आ रही है वहीं बड़े इलाके में लोगों को लो-वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इस समस्या के निराकरण के लिए शासन ने तीन नए 132/33 केबी विद्युत उपकंद्रों की स्वीकृति प्रदान की है। सबकुछ अनुकूल रहा तो बरसात के बाद विद्युत आपूर्ति में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

33 केवी विद्युत लाइन की लंबाई अधिक होने एवं एक फीडर में एक से अधिक विद्युत उपकेंद्र जुड़े होने के कारण विद्युत आपूर्ति पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। विद्युत लाइन में तकनीकी खराबी आने पर कई गांव अंधेरे में डूब जाते हैं। गर्मी के मौसम में मांग बढ़ते ही खपत 200 एम्पीयर से ऊपर पहुंच जाती है। तथा ट्रांसफार्मर फेल होने लगते हैं। फीडर की लंबाई अधिक होने के कारण कोई भी तकनीकी समस्या आने पर दर्जनों गांवों में अंधेरा छा जाता है। इस बड़ी समस्या के निराकरण के लिए विभाग ने शासन को तीन नए 132/33 केवी विद्युत उपकेंद्र खोलने का प्रस्ताव भेजा था। नए उपकेंद्रों के लिए विभाग ने शहर से सटे ग्राम घघरी, लखनपुर, तहसील अंतर्गत ग्राम इरगवां एवं लुण्ड्रा तहसील अंतर्गत ग्राम असकला में जगह का चिन्हांकन किया था। प्रशासन द्वारा चिन्हांकित भूमि का आवंटन करने के साथ ही शासन ने इसके निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। शासन द्वारा तीन 132/33 केवी विद्युत उपकेन्द्रों के लिए 135 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। शासन की स्वीकृति मिलने के बाद विभाग द्वारा निर्माण की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है।



### तीन उपकेन्द्रों के भरोसे आपूर्ति

शहर सहित सरगुजा के सैकड़ों गांवों में विद्युत आपूर्ति के लिए विभाग द्वारा तीन 33 केवी उपकेन्द्र संचालित है। शहर के विसुनपुर स्थित 33 केवी विद्युत उपकेन्द्र सबसे पुराना है तथा शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के बड़े इलाके में विद्युत आपूर्ति करता है। इस उपकेन्द्र से ग्रामीण क्षेत्र के तीन फीडर संचालित हैं जिनमें दरिमा, भिट्टीकला एवं चठिरमा फीडर शामिल है। उदयपुर एवं बतौली स्थित 33 केवी विद्युत उपकेन्द्र से विभिन्न फीडरों के माध्यम से बड़े इलाके में विद्युत आपूर्ति की जाती है। उच्च दाब विद्युत उपकेन्द्रों की संख्या कम होने एवं मांग में लगातार वृद्धि होने के कारण लगातार समस्याएं बढ़ रही है।

### नए उपकेन्द्र से मिलेगी वैकल्पिक सुविधा

तीन नए 33 केवी विद्युत उपकेन्द्र बनने से शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के बड़े इलाके में वैकल्पिक सुविधा मिलेगी तथा किसी भी विद्युत लाइन में तकनीकी खराबी आने पर वैकल्पिक व्यवस्था से तत्काल आपूर्ति सुचारू किया जा सकेगा। नए उपकेन्द्रों के बनने के बाद लाइन की लम्बाई कम होने के साथ ही फीडरों की संख्या भी घट जाएगी। कम दूरी की विद्युत लाइन में तकनीकी खराबी आने पर कम समय में इसे दुरूस्त किया जा सकेगा। विद्युत आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध होने पर सबसे पुराने बिसुनपुर 33 केवी विद्युत लाइन का सुधार कार्य भी आसान हो जाएगा।

### चल रही टेंडर की प्रक्रिया

शासन की स्वीकृति मिलने के बाद तीनों 33केवी उपकेन्द्रों के लिए टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। एक पखवाड़े में प्रक्रिया पूरी कर एजेंसी का निर्धारण कर दिया जाएगा। आगामी 6 महीने में निर्माण पूरा करने का लक्ष्य है।

-रोशन नागवंशी
ईई ग्रामीण विद्युत संभाग

## बाजार से लौट रही महिला से उसके पति के सामने दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- बंधक बनाकर दिया वारदात को अंजाम, जान से मारने की दी धमकी, चार आरोपी गिरफ्तार
- सूरजपुर जिले के रामानुजनगर थाना क्षेत्र की घटना

सूरजपुर जिले में महिला को बंधक बनाकर समूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपियों ने महिला के पति को जान से मारने की धमकी दी और उसके साथ दुष्कर्म किया। डरी सहमी महिला ने घटना की शिकायत चार दिनों बाद पुलिस से की। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना की पुष्टि एसएसपी सूरजपुर ने की है।

बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के रामानुजनगर थाना अंतर्गत रहने वाली महिला 27 जून को अपने पति के साथ बाजार गई थी। शाम को खरीददारी करने के बाद दोनों वापस लौट रहे थे। इस दौरान महिला के पति ने अत्यधिक कोसना शराब पी लिया था और नशे में धुत होकर रास्ते में गिर गया था। इसी दौरान पति को नशे की हालत में देख रात लगभग 8 बजे महंगई निवासी 30 वर्षीय ऋतू यादव और उसके तीन साथियों ने मिलकर महिला के पति को बंधक बना लिया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान आरोपियों ने किसी को घटना की जानकारी देने पर जान से मरने की धमकी दी। वारदात के बाद सभी आरोपी भाग निकले जबकि महिला और उसका पति किसी तरह घर पहुंचे। इस घटना से महिला और उसका पति डर गये थे इस लिए उन्होंने चार दिनों तक घटना की शिकायत पुलिस से नहीं की। 2 दिनों बाद मामले की जानकारी अन्य लोगों को मिली तो महिला को उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए फोर्स किया, जिसके बाद महिला ने 2 जुलाई को ने रामानुजनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी प्रशांत ठाकुर के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों ऋतु यादव, रामजी, कपील और रामेश्वर को बीएनएस की धारा 70 के तहत गिरफ्तार कर 3 जुलाई को जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी आदतन बदमाश है। मुख्य आरोपी ऋतु यादव को दो साल पहले हथियारबंद लूट के मामले में पकड़ा गया था और काफी समय तक जेल में रहा। 2 दिन पहले ही ट्रैक्टर की बैटरी चोरी का आरोप भी उस पर लगा था।

### की गई है गिरफ्तारी

महिला से दुष्कर्म के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। महिला ने घटना की शिकायत चार दिनों बाद की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और जांच चल रही है।

प्रशांत ठाकुर
एसएसपी सूरजपुर

## आवारा कुत्तों के टीकाकरण एवं नसबंदी अभियान में आई तेजी



- विभिन्न वार्डों में नियमित कार्रवाई जारी

**सूरजपुर।** नगर पालिका द्वारा शहर में आवारा कुत्तों के रेबीज रोधी टीकाकरण एवं नसबंदी अभियान को तेज गति से संचालित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य आवारा कुत्तों की संख्या का वैज्ञानिक एवं मानवीय तरीके से नियंत्रण करना, रेबीज जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम करना तथा आम नागरिकों एवं पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षित टीम द्वारा आवारा कुत्तों को सुरक्षित तरीके से पकड़कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण, रेबीज रोधी टीकाकरण एवं नसबंदी की जा रही है। ऑपरेशन के पश्चात आवश्यक देखभाल एवं स्वास्थ्य लाभ सुनिश्चित करने के उपरांत उन्हें पुनः उसी क्षेत्र में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने अभियान को प्रभावी एवं समयबद्ध ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि शहर में आवारा कुत्तों से संबंधित समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा अभियान में तेजी लाते हुए विभिन्न वार्डों में नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है। वार्ड वासियों को अभियान के दौरान संबंधित टीम को आवश्यक सहयोग प्रदान करें तथा किसी भी क्षेत्र में आवारा कुत्तों की अधिक संख्या तथा उनसे संबंधित किसी समस्या की स्थिति में इसकी सूचना नगर पालिका की टीम को देने की बात कही है।

### चोरी और हत्या के मामले में फरार वारंटी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** जिले में चोरी और हत्या के मामले में फरार चल रहे वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत सीतापुर पुलिस टीम ने भादवि की धारा 457, 380, 34 के माममे मे फरार चल रहे आरोपी सीतापुर महेशपुर निवासी 21 वर्षीय पुस्तक दास उर्फ पुष्कर आ.लब्बूदास के प्रकरण मे उपस्थित नही रहने पर न्यायालय द्वारा आरोपी का गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। वहीं एक अन्य प्रकरण में बीएनएस की धारा 103, 332, 115(2), 357(2), 310(3), 109 के तहत आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने लम्बे समय से फरार चल रहे पुस्तक दास उर्फ पूष्कर दास को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

## एक पखवाड़े से बिशुनपुर का ट्रांसफार्मर खराब



- ढिबरी के भरोसे ग्रामीण

रामचन्द्रपुर। दूरस्थ ग्राम बिशुनपुर का ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण पिछले एक पखवाड़े से ग्रामीण अंधेरे से जूझ रहे हैं। बरसात के कारण सांप-बिच्छु का प्रकोप बढ़ने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहाहै।ग्रामीणों ने विभाग के अधिकारियों से मिलकर अपनी समस्या से कई बार अवगत करा चुके हैं लेकिन अधिकारी ट्रांसफार्मर के लिए अभी और इंतजार करने की बात कह रहे हैं। ग्राम बिशुनपुर का ट्रांसफार्मर एक पखवाड़े पूर्व जल गया जिससे गांव की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण ग्रामीणों को ढिबरी के भरोसे जीवन यापन करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण भारी उमस का सामना करना पड़ रहा है तथा बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह से ठप हो गई है। बीच-बीच में बारिश होने के कारण सांप-बिच्छु का प्रकोप बढ़ गया है तथा अंधेरा होने के कारण ग्रामीणों को पूरी रात जहरीले जंतुओं का भय बनारहता है। गांव में 90 परिवार निवासरत हैं। ग्रामीणों ने प्रारंभ में पंचायत प्रतिनिधियों को परेशानी से अवगत करा समस्या निराकरण के लिए त्वरित पहल करने का अनुरोध किया था। जनप्रतिनिधि व ग्रामीण कई बार विद्युत अधिकारियों को स्थिति से अवगत करा चुके हैं लेकिन विभाग द्वारा अब तक ट्रांसफार्मर बदलने की पहल नहीं की गई है।

# कलेक्टर ने जिले के पर्यटन स्थलों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- पर्यटन को बढ़ावा देने प्रशासन सक्रिय, सुरक्षा, स्वच्छता और आधारभूत सुविधाओं के लिए दिए निर्देश



सूरजपुर कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने रविवार को जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं, पर्यटन गतिविधियों तथा विकास की संभावनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने केनापारा पर्यटन स्थल, पंडोपारा स्थित राष्ट्रपति भवन, पहाड़गांव पर्यटन स्थल तथा सिलफिली में संचालित पिलखा क्षीर का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती जमील ने केनापारा पर्यटन स्थल में समूह की महिलाओं से बोटिंग एवं फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने वहां स्थित ओपन जिम, हट एवं शेड का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर उपलब्ध संसाधनों को व्यवस्थित कर पर्यटन गतिविधियों को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। साथ ही परिसर में संचालित दुकानों की स्थिति की जानकारी लेते हुए उन्हें पुनः व्यवस्थित कर पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करने को कहा। कलेक्टर ने पंडोपारा स्थित देश के दूसरे राष्ट्रपति भवन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भवन परिसर में प्रदर्शित देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के वर्ष 1952 में पंडोपारा आगमन से संबंधित छायाचित्रों सहित अन्य तस्वीरों का अवलोकन किया। उन्होंने बसंत पंडो से भेंटकर उनका सम्मान कर आत्मीय चर्चा के दौरान उनसे ऐतिहासिक स्मृतियों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर बसंत पंडो ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद से मुलाकात से जुड़ी अपनी स्मृतियां साझा की। निरीक्षण के दौरान रामचंद्र पंडो द्वारा स्वास्थ्य संबंधी समस्या से अवगत कराए जाने पर कलेक्टर ने बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही राष्ट्रपति भवन में आने वाले पर्यटकों एवं शोधार्थियों के लिए जनजातीय जीवन, संस्कृति और इतिहास से संबंधित फोटो गैलरी विकसित करने तथा आगंतुक पंजी संधारित करने के निर्देश भी दिए। इसके पश्चात कलेक्टर श्रीमती जमील ने पहाड़गांव पर्यटन स्थल का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने समूह द्वारा संचालित पिलखा हिल्स कैफे का अवलोकन कर आने वाले पर्यटकों के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि प्राकृतिक सौंदर्य के कारण यहां दूर-दूर से पर्यटक पहुंचते हैं।कलेक्टर ने यहां संचालित सामुदायिक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए बोटिंग व्यवस्था के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समूह की महिलाओं ने बरसात के मौसम में बोट तक पहुंचने में पर्यटकों को होने वाली असुविधा से अवगत कराते हुए सीढ़ी निर्माण की आवश्यकता बताई, जिस पर कलेक्टर ने आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ट्रैकिंग मार्ग का भी अवलोकन कर स्वयं कुछ दूरी तक पैदल चलकर स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पर्यटन स्थल पर सूचना पटल एवं सुरक्षा संबंधी निर्देश बोर्ड लगाने, बरसात के मौसम में मिट्टी कटाव रोकने के लिए पौधरोपण कराने तथा पूरे परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त बांध के निचले क्षेत्र में जल संरक्षण की दृष्टि से तकनीकी परीक्षण उपरांत तालाब निर्माण की संभावनाओं का परीक्षण करने तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने मुस्कान महिला स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित कैफे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रैकिंग के लिए चढ़ाई और उतराई के अलग-अलग मार्ग विकसित करने तथा पर्यटकों की सुविधा के लिए सरल, मध्यम एवं कठिन श्रेणी के ट्रैक विकसित करने के निर्देश दिए, ताकि सभी आयु वर्ग के लोग अपनी सुविधा अनुसार ट्रैकिंग का अनुभव प्राप्त कर सकें। उन्होंने पहाड़गांव पर्यटन स्थल के सौंदर्यीकरण के लिए नारियल के पौधे रोपित करने की संभावना पर कार्य करने को कहा, जिससे स्थल की सुंदरता बढ़ने के साथ समूह की महिलाओं के लिए आय के अतिरिक्त अवसर भी विकसित हो सकें। साथ ही पर्यटकों के लिए सर्वसुविधायुक्त शौचालय निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर ने सिलफिली में संचालित पिलखा क्षीर का निरीक्षण किया और इसे पुनः प्रारंभ करने की दिशा में आवश्यक रणनीति तैयार कर शीघ्र पहल सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# जिला स्तरीय बास्केटबॉल जूनियर ओपन चैंपियनशिप का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सांसद और महापौर ने किया खिलाड़ियों को सम्मानित



सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ के तत्वावधान में गांधी स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय बास्केटबॉल जूनियर ओपन चैंपियनशिप 2026 का रविवार को समापन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं क्लबों की बालक एवं बालिका वर्ग की कुल 12 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में महापौर मंजूषा भगत, अभिषेक शर्मा,सत्येंद्र नारायण सिंह, निशांत सिंह गोल्डी, बलविंदर सिंह छाबड़ा उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता के परिणामों में बालक वर्ग में सरगुजा बास्केटबॉल क्लब ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सरगुजा टाइगर्स द्वितीय एवं मॉन्टफोर्ट स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। वहीं बालिका वर्ग में सरगुजा बास्केटबॉल क्लब ने प्रथम स्थान हासिल किया। सरगुजा टाइटंस द्वितीय तथा माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि इस प्रकार की नियमित प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धात्मक माहौल प्रदान करती हैं, जिससे उनके खेल कौशल, आत्मविश्वास एवं मानसिक क्षमता का विकास होता है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन एवं संचालन में रजत सिंह, सुनैना जायसवाल, आकाश गुप्ता, बबीता तिग्गा, अनुपमा तिर्की, प्रिया जायसवाल, खुशबू गुप्ता, प्रज्ञा मिश्रा, दीपेश सिंह, रिमझिम एवं अभिषेक ने निर्णायक एवं तकनीकी अधिकारियों के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

समापन समारोह में आनंद धर दीवान, कृष्ण एक्का, रविंद्र सिंह, प्रकृति राय, आकाश कश्यप एवं कृष्णकांत, रिंकी सिंह, फैजल उपस्थित थे।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.मनीष चौरसिया
सुप्रसिद्ध मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरी शंकर सिंह
सुप्रसिद्ध गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ.बी.बी.कुमार
07/07/2026 दिन मंगलवार
सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश गर्ग
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला अस्पताल रोड, प्रकाश हॉस्पिटल के बगल में अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा (छ.ग.)
डॉ.सौरभ जैन
डॉ.निशांत कुमार साहू
05 जुलाई 2026, माह के प्रथम रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 8224007733 7000619700
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411